# आयुक्त ने किया साल के पहले कर अदाकर्ता का सम्मान

## शहर के वरिष्ठ नागरिक श्री वाजपेयी ने किया संपत्तिकर जमा



रायगढ़। नगर निगम आयुक्त विनोद पाण्डेय ने सोमवार को वित्तीय वर्ष की शुरुआत पर प्रथम संपत्तिकर जमाकर्ता वार्ड क्रमांक 17 निवासी चक्रधर वाजपेयी का सम्मान किया गया। श्री वाजपेयी ने आज निगम कार्यालय पहुंचकर वित्तीय वर्ष 2018-19 के प्रथम संपत्तिकर जमाकर्ता के रूप में कर जमा किया।

आयुक्त विनोद पाण्डेय ने प्रथम कर जमाकर्ता का सम्मान करने की घोषणा की थी। इसपर वार्ड क्रमांक 17 थाना रोड निवासी चक्रधर वाजपेयी ने कार्यालय में पहुंचकर सर्वप्रथम संपत्तिकर जमा किया। इसके बाद आयुक्त श्री पाण्डेय ने कार्यालय में फूलमाला पहना कर और साल श्रीफल भेंटकर श्री वाजपेयी का सम्मान किया। इस दौरान राजस्व प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने भी फूल माला पहनाकर श्री वाजपेयी का सम्मान किया। इस मौके पर श्री वाजपेयी ने कहा कि शहर में विकास गति तेज हुई है। आवष्यक सुविधाओं को विकास हो रहा है। यह सुविधाओं का विकास सतत् रूप से जारी तभी रह पायेगी जब शहर के नागरिक समय पर संपत्ति कर का भुगतान करेंगे। निगम प्रशासन द्वारा आनलाइन भी टैक्स जमा करने की सुविधा दी जा रही है, जिससे घर बैठे ही लोग टैक्स जमा कर सकते हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा शहर में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। यह सुविधाएं शहर के निवासियों के समय पर टैक्स जमा करने पर ही संभव होती है, जिसपर मौलिक अधिकार दिया गया है, उसी तरह मौलिक कर्तव्य भी निर्धारित है और समय पर टैक्स जमा करना मौलिक कर्तव्यों में से एक है। समय पर टैक्स जमा करने पर पेनाल्टी नहीं लगती और निगम की सुविधाएं भी बाधित नहीं होती। इसलिए निगम क्षेत्र के निवासियों को समय पर टैक्स जमा करना चाहिए। आयुक्त विनोद पाण्डेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत में प्रथम पापर्टी टैक्स जमाकर्ता का सम्मान हर साल किया जाएगा। यह निगम प्रशासन की ओर से नयी पहल होगी। इस मौके पर राजस्व शाखा व लेखा शाखा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# रेणु जोगी आदर्श उदाहरण दे रही हैं- सिंहदेव



रायगढ़। रेणु जोगी कांग्रेस के लिए आदर्श उदाहरण दे रही हैं, क्यों कि वे ऐसी परिस्थितियों में कांग्रेस का साथ दे रही हैं जिसमें उनके पति, पुत्र व पुत्रवधु तक दूसरी पार्टी में है। रेणु ने कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। अजीत जोगी फूल छाप कांग्रेसी थे जिससे कांग्रेस को नुकसान हो रहा था। भाजपा का मुल आधार आरएसएस है जिसकी तुलना में कांग्रेस को तैयार होने की आवश्यक्ता है। उक्त बातें प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.एस. सिंहदेव ने रायगढ़ प्रवास के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष टी.एस.सिंहदेव रायगढ़ जिले में आयोजित कांग्रेस के संकल्प शिविर में शामिल होने पंहुचे थे। इस दौरान उच्च विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि भाजपा का मुल आधार आरएसएस है। भाजपा से कांग्रेस जीत सकती है लेकिन आरएसएस की तगड़ी कैंपेनिंग के कारण हम भाजपा को कम नहीं आंक रहे हैं। इसकी तुलना में कांग्रेस को तैयार होने की आवश्यक्ता है जिसका प्रयास हम कर रहे हैं। जिला स्तर पर फूल छाप कांग्रेसियों के संबंध में पुछे जाने पर श्री सिंहदेव ने बात को पलटते हुए कहा कि अजीत जोगी फूल छाप कांग्रेसी थे जिनसे कांग्रेस को नुकसान हो रहा था। हाई कमान की ओर से जोगी जी को फ्री हैण्ड दिया गया था,लेकिन वर्ष 2 हजार से 2003 के बीच कांग्रेस को विफलता ही मिली। वे पार्टी से हटा दिये गये हैं जिससे अब हमें काफी राहत मिल रही है। वहीं रेणु जोगी के संबंध में उन्होने कहा कि रेणु जोगी आदर्श उदाहरण पेश कर रही हैं। क्यों कि वे ऐसी परिस्थितियों में कांग्रेस का साथ दे रही हैं जिसमें उनके पति, पुत्र व पुत्रवधु तक दूसरी पार्टी में है। रेणु ने कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। वहीं गुटबाजी के संबंध में श्री सिंहदेव ने कहा कि भाजपा में कांग्रेस से ज्यादा गुटबाजी है। राज्य सभा चुनाव में उनके प्रदेश अध्यक्ष को अपना नाम वापस लेना पड़ा। वहीं जिले में उद्योगों के लिए हो रहे भू-अधिग्रहण के संबंध में उन्होने कहा कि कांग्रेस ने भू-अधिग्रहण नियम में संशोधन कर भू-स्वामियों को चार गुना मुआवजा दिये जाने का प्रावधान लाया था,लेकिन प्रदेश सरकार दो गुना दे रही है। उन्होने चुनाव में जितने योग्य प्रत्याशी को ही टिकट देने की बात कही। पत्रकारवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस शहर कमेटी अध्यक्ष जयंत ठेठवार, डॉ. राजू अग्रवाल, अनिल अग्रवाल,राजेश भारद्वाज, अनिल शुक्ला, हरेराम तिवारी, पार्षद संजय देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक अग्रवाल, एनएसयुआई प्रदेश सचिव राकेश पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सारंगढ़ में भारी उत्पात 5 हजार लोगों ने निकाला रोडमार्च, स्थिती नियंत्रण से बाहर

रायगढ़। भारत बंद को लेकर सारंगढ़ में भारी तोड़फोड़ मारपीट व स्कूल बस को क्षतिग्रस्त करने के साथ पुलिस जीप को भी आग लागाने का प्रयास किये जाने की खबर हैं स्थिती पुलिस के नियंत्रण से बाहर हैं और आरजकता की स्थिती बनी हुयी हैं आज सुबह से ही बंद को लेकर दलित समुदाय सड़को पर उतर आया था ओर रास्ते में जो भी मिला उसके साथ मारपीट व गाडियों कई दुकानो में भी तोडफोड़ की गयी सारगंढ़ में इस प्रकार की स्तीती निर्मित होने का कोई पुर्वानुमान प्रशासन को नहीं था इसलिये अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम नहीं किये गये थे स्थिती खराब होना उस समय शुरु हुयी जब जुलूस में पांच हजार दलित शामिल हो गये इससे भगदड़ व निरकुशंता का महौल निर्मित हो गया और भीड़ को जैसा मन में आया वैसा करने लगी किसी का नियंत्रण इस रैली में नहीं था स्कूलों में छुटी कराने को लेकर भी भारी उत्पात मचाया गया ओर स्कूल की बसों में तोड़ फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया कुल मिलाकर सारंगढ़ में अराजकता की स्थिती बनी हुयी हैं।

# हमीरपुर रोड मे स्कोर्पियो पलटी,6 लोग घायल जिसमें एक महिला भी



रायगढ़। आज दिनांक 2 अप्रैल 2018 को सुबह 10 बजे के आस पास लिब्रा तमनार से आ रही एक यात्रियों से भरी स्कोर्पियो क्रमांक C G13X5929 एकाएक पक्की रोड से अनियंत्रित होकर नीचे उतर गई।

ड्राइवर ने पुनः चढ़ाना चाहा, लेकिन टायर फटने कि वजह से गाड़ी पलट गई जिसमें गाड़ी में सवार 6 लोग घायल हो गये। 3 लोग एक महिला सहित जख्मी है। जिनका इलाज मेकाहारा जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

परिवार के मुखिया ने बताया एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए तमनार से जांजगीर जिला के मुक्ता गांव जा रहे थे।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931